## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 892.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 30 अगस्त तक 892.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 20.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1091.3 मिली मीटर, पुसौर में 940.7, खरसिया में 867.9, घरघोड़ा में 929.9, तमनार में 830.6, लैलूंगा में 763.7, मुकडेगा में 815.6, धरमजयगढ़ में 802.5 छाल में 919.8 एवं कापू में 960 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### ठेले वाले से मारपीट करने वाले फरार आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी अतुल रात्रे (23 वर्ष), निवासी जूटमिल को कयाघाट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी कयाघाट पर देखा गया है, जिसके बाद मौके पर दबिश देकर उसे पकड़ा गया। मामला 26 जुलाई 2024 का है, गोकुल जायसवाल ने थाना चक्रधरनगर में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गोकुल, जो कि जमुना इन चौक शराब भट्टी के पास मूंगफली और मुर्रा चना बेचते हैं, ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे तीन युवक- मूनशाद खान, संदीप नेताम उर्फ शाकाल और अतुल रात्रे ठेले के पास रूपये मांगने लगे, नहीं देने पर गाली गलौच कर ठेले के सामान को फेंकने लगे जिन्हें इसका बेटा अर्पित जायसवाल मना किया तो उस पर हमला कर दिए। इस मामले में मूनशाद खान और संदीप नेताम उर्फ शाकाल को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। मूनशाद खान के मेमोरेंडम पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया था। फरार चल रहे तीसरे आरोपी अतुल रात्रे को आज दोपहर कयाघाट के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी अतुल रात्रे को विधिवत गिरफ्तार कर उसे रिमांड पर भेज दिया है।

### एनपीएस अंतर्गत मृत एवं रिटायर्ड कर्मियों के पेंशन भुगतान के संबंध में कार्यशाला संपन्न

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य शासन के वित्त विभाग के निर्देश पर जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गुरूवार को ईडब्ल्यूआर (एक्जिट विथड्रावल रिक्वेस्ट) एवं ईरीएम (एरर रेक्टीफिकेशन मॉडयूल) के संबंध में कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में एनपीएस अंतर्गत मृत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन भुगतान के संबंध में सभी आहरण संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) एवं कर्मचारियों को जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर, सहायक कोषालय अधिकारी हरिराम पटेल, कुलदीप चंद्रवंशी और उप कोषालय अधिकारी दलबीर सिदार ने जानकारी दी।

### इंजीनियरिंग डिप्लोमा पढ़ाई हेतु 31 अगस्त तक होगा द्वितीय चरण का ऑनलाईन कॉउसिलिंग

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य की पॉलीटेक्निक संस्थाओं के सत्र 2024-25 में इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन कॉउसिलिंग की पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। पंजीयन प्रक्रिया का द्वितीय चरण 28 से 31 अगस्त 2024 तक होगा। ऑनलाईन कॉउसिलिंग का पंजीयन, संस्था एवं पाठ्यक्रम के आबंटन आदि का अवलोकन वेबसाइट सीजी डीटीई रायपुर डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन www.cgdteraipur.cgstate.gov.in पर किया जा सकता है।

## चक्रधर समारोह-2024

# 7 से 16 सितम्बर तक रामलीला मैदान में सजेगी सुर-ताल की महफिल

- शुभारंभ समारोह में पद्मश्री हेमा मालिनी नृत्य नाटिका 'राधा रासबिहारी' की देंगी प्रस्तुति
- 11 सितम्बर को मीनाक्षी शेषाद्रि का भरत नाट्यम एवं समापन समारोह में डॉ.कुमार विश्वास करेंगे कविता पाठ
- राहुल शर्मा 12 सितम्बर को करेंगे संतुर वादन
- 10 दिनों तक रायगढ़ में देश के नामी कलाकारों का रहेगा जमावड़ा

**रायगढ़**



छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग, पर्यटन मण्डल एवं जन सहयोग से जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध 39 वां चक्रधर समारोह 2024 का आयोजन आगामी 7 सितम्बर से रामलीला मैदान रायगढ़ में प्रतिदिन सायं 6 बजे से किया जाएगा।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग पटेल की अध्यक्षता में गठित कलाकार चयन समिति की अनुशंसा अनुसार कलाकारों को समारोह हेतु आमंत्रित किया जा चुका है। शुभारंभ दिवस 7 सितम्बर को सायं 5.30 बजे से शुभारंभ कार्यक्रम पद्मश्री रामलाल जी का सम्मान, भूपेन्द्र बरेठ द्वारा कथक समूह नृत्य, मनियर भगत जशपुर द्वारा कर्मा लोकनृत्य तथा पद्मश्री हेमा मालिनी द्वारा भरतनाट्यम पर आधारित नृत्य नाटिका 'राधा रासबिहारी' की प्रस्तुति होगी।

द्वितीय दिवस 8 सितम्बर को विजय शर्मा रायगढ़ द्वारा लोक गायन, वाणी राव भोपाल द्वारा शास्त्रीय गायन, पद्मश्री रंजना गौहर दिल्ली द्वारा ओडिसी नृत्य, मंदाकिनी स्वैन दिल्ली द्वारा शास्त्रीय गायन तथा सौगत गांगुली कोलकाता द्वारा सरोद वादन प्रस्तुति देंगे। तृतीय दिवस 9 सितम्बर को रामप्रसाद सारथी खरसिया द्वारा शास्त्रीय गायन, जया दीवान और धरित्री सिंह चौहान द्वारा कथक, शैकी सिंह दिल्ली द्वारा कथक, गजेन्द्र पण्ड़ा त्रिधारा भुवनेश्वर द्वारा ओडिसी नृत्य, जीतू शंकर मुम्बई द्वारा फ्यूजन, तबला, संतूर, सितार, वायलिन, परकशन तथा चांद अफजल कादरी द्वारा कव्वाली की प्रस्तुति दी जायेगी।

10 सितम्बर को अनिता शर्मा रायगढ़ द्वारा भजन, नीत्या खत्री बिलासपुर द्वारा कथक, तमसीर मोहम्मद रायपुर द्वारा अकार्डियन वादन, शिव प्रसार राव दिल्ली द्वारा शास्त्रीय गायन, राकेश चौरसिया मुम्बई द्वारा बांसुरी वादन, बासंती वैष्णव एवं ज्योतिश्री बोहिदार बिलासपुर द्वारा कथक तथा प्रभंजय चतुर्वेदी रायपुर गजल गायन की प्रस्तुति देंगे। 11 सितम्बर को सौम्या नामदेव रायगढ़ द्वारा कथक, विधि सेन गुप्ता द्वारा ओडिसी, दीपमाला सिंह द्वारा कथक, अनुष्का सोनी जबलपुर द्वारा सितार वादन, उपासना भास्कर द्वारा कथक समूह नृत्य, मीनाक्षी शेषाद्रि द्वारा भरतनाट्यम तथा राकेश शर्मा एवं निशा शर्मा द्वारा लोक गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। 12 सितम्बर 2024 को अंशुल प्रताप सिंह भोपाल द्वारा तबला वादन, दीक्षा घोष रायगढ़ द्वारा भरतनाट्यम, अन्विता विश्वकर्मा रायपुर द्वारा कथक, डॉ.आरती सिंह रायपुर द्वारा कथक, राहुल शर्मा मुम्बई द्वारा संतूर एवं रामकुमार मिश्र दिल्ली द्वारा तबला वादन, डॉ.जी.रथीस बाबू द्वारा भरतनाट्यम एवं कुचिपुडी तथा इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय के कलाकारों द्वारा विविध छत्तीसगढी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी।

13 सितम्बर को हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी समूह नृत्य-गीत, शार्वी केशरवानी सारंगढ़ द्वारा कथक, भद्रा सिन्हा एवं गायत्री शर्मा दिल्ली द्वारा भरतनाट्यम, लकी मोहंती कटक द्वारा ओडिसी, मुदुस्मिता दास गुवाहाटी द्वारा असमिया सत्रीया नृत्य, विद्या प्रदीप कोचिन द्वारा मोहिनीअट्टम तथा पद्मश्री डॉ.भारती बंधु रायपुर द्वारा कबीर एवं सूफी गायन की प्रस्तुति होगी। 14 सितम्बर को अनंता पाण्डेय रायगढ़ द्वारा विविध कला नृत्य, शाश्वती बनर्जी रायगढ़ द्वारा कथक, कृष्णभद्रा नम्बूदरी मुम्बई द्वारा भरतनाट्यम, डॉ.रघुपतरूनी श्रीकांत श्रीकाकुलम द्वारा कुचिपुड़ी, विनोद मिश्रा सतना द्वारा शास्त्रीय गायन (ख्याल एवं ठुमरी, ग्वालियर घराना), पौशाली चटर्जी कोलकाता द्वारा मणिपुरी तथा आलोक श्रीवास दिल्ली द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। 15 सितम्बर को पलक देवांगन रायगढ़ द्वारा कथक, पंडित प्रदीप कुमार चौबे रायपुर द्वारा शास्त्रीय गायन (किराना घराना),सुश्री भूमिसुता मिश्रा रायपुर द्वारा ओडिसी नृत्य, वेदिका शरण बिलासपुर द्वारा कथक, माया कुलश्रेष्ठ दिल्ली द्वारा कथक, पद्मश्री देवयानी दिल्ली द्वारा भरतनाट्यम तथा पद्मश्री अनुज शर्मा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ लोक गायन की प्रस्तुति देंगे।

समापन दिवस 16 सितम्बर को सायं 5.30 बजे से मानसी दत्ता गुआहाटी द्वारा बीहू लोकनृत्य तथा अनिल कुमार गढ़ेवाल बिलासपुर द्वारा गेंड़ी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी दिन कवि सम्मेलन होगा जिसमें डॉ.कुमार विश्वास गाजियाबाद, पद्मश्री डॉ.सुरेन्द्र दुबे, दिनेश बावरा, सुदीप भोला एवं साक्षी तिवारी द्वारा काव्य पाठ किया जायेगा।

## खरसिया पुलिस ने बालिका से छेड़खानी करने वाले युवक को त्वरित कार्यवाई कर भेजा जेल

**रायगढ़**



सुबह खरसिया पुलिस चौकी में एक स्थानीय बालिका अपने परिजनों के साथ पहुंची और ठाकुरदिया के रहने वाले भुनेश्वर चौहान (24 वर्ष) के खिलाफ छेड़खानी की लिखित शिकायत दर्ज कराई। बालिका के परिजनों ने चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय नाग को बताया कि भुनेश्वर चौहान पिछले कुछ समय से बालिका को आते-जाते समय छेड़खानी और अनर्गल कमेंट्स कर परेशान कर रहा है।

चौकी प्रभारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से विस्तृत बयान दर्ज कराया। बालिका ने अपने बयान में बताया कि 15 अगस्त को भी जब वह घर लौट रही थी, तो भुनेश्वर चौहान ने उसका रास्ता रोककर अश्लील बातें कीं और हाथ पकड़कर छेड़खानी की। बालिका किसी तरह से वहां से भागकर अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी अपनी मां और अन्य परिजनों को दी। उसने यह भी बताया कि भुनेश्वर चौहान पहले भी कई बार उसे रास्ते में परेशान कर चुका है, जिससे वह बेहद तनाव में थी।

बालिका की तबीयत ठीक न होने के कारण वह तुरंत पुलिस चौकी नहीं आ पाई थी। बालिका के आवेदन के आधार पर खरसिया पुलिस ने अपराध क्रमांक 495/24 के तहत धारा 74, 126(2)बी.एन.एस. और 8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने तुरंत दबिश देकर आरोपी भुनेश्वर चौहान को गिरफ्तार किया और परिजनों को इसकी सूचना दी। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से जनता का पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

## चक्रधर समारोह की तैयारी को लेकर रामलीला मैदान पहुंचे कलेक्टर-एसपी

- मैदान को दुरुस्त करते हुए शीघ्र मंच व डोम तैयार करने के दिए निर्देश
- पीडब्लूडी, नगर निगम और टेन्ट हाऊस के 100 लोगों की टीम आयोजन स्थल तैयार करने में जुटी

**रायगढ़**



रायगढ़ का ऐतिहासिक चक्रधर समारोह-2024 का आयोजन आगामी 7 सितम्बर से रामलीला मैदान में होने जा रहा है। जहां दस दिनों तक सुर-ताल की महफिल सजेगी। जिसमें देश के नामी कलाकारों को मंच पर देखने का मौका मिलेगा। चक्रधर समारोह के तैयारी को लेकर आज सुबह कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ रामलीला मैदान का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने पीडब्लूडी और नगर निगम के अधिकारियों से आयोजन स्थल के ड्राईंग डिजाईन के आधार पर हर एक बिन्दु पर विस्तार से चर्चा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने मैदान को दुरूस्त करते हुए वहां शीघ्र ही स्टेज तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही मंच की तैयारियों के साथ पंडाल और उसमें बैठक व्यवस्था को लेकर चर्चा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने बारिश के मद्देनजर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल में ग्रीन रूम की तैयारी के लिए आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम स्थल के आस पास पार्किंग तैयार करने और सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैरिकेडिंग इत्यादि के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। यहां मुख्य अतिथियों के आने-जाने मार्ग के साथ कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश के लिए मार्ग तैयार करने के निर्देश दिए गए। मौके पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप, खनिज अधिकारी राजेश माल्वे, तहसीलदार शिव कुमार डनसेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

100 से अधिक लोग चक्रधर समारोह के लिए रामलीला मैदान तैयार करने में जुटे

चक्रधर समारोह का शुभारंभ आगामी 7 सितम्बर से होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोरो से शुरू कर दी गई है। ईई पीडब्लूडी अमित कश्यप ने बताया कि पीडब्लूडी नगर निगम और टेन्ट हाऊस के करीब 100 लोगों की टीम आयोजन स्थल की तैयारियों में जुट गई है। जिससे कार्यक्रम स्थल को जल्द तैयार किया जा सके। यहां अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के आधार पर मंच सहित अन्य तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार अगले दो दिनों में डोम खड़ा करने के लक्ष्य के साथ काम किया जा रहा है। डोम, पंडाल और मंच का काम होने के पश्चात लाईट व साउंड की तैयारी भी शुरू कर दी जाएगी।

## पूंजीपथरा और लैलूंगा पुलिस ने स्कूलों में छात्रों को अपराधों से बचाव की दी महत्वपूर्ण जानकारी

**रायगढ़**



दिनांक 29.08.2024 को थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े, उप निरीक्षक मानकुंवर और उनकी टीम द्वारा हाई स्कूल कोडासिया में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न प्रकार के अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को साइबर क्राइम, बालकों के अधिकार, नवीन कानून, पॉक्सो एक्ट और यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही, छात्रों को अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और जीवन में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान, पुलिस ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे पर विशेष जोर दिया, जिसमें सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके समझाए गए। उन्होंने बालकों के अधिकारों और नवीन कानूनों के बारे में भी बताया, जिससे छात्र अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या शोषण से खुद को सुरक्षित रख सकें। यातायात नियमों की जानकारी देकर, छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया गया।

इस कड़ी में, थाना पूंजीपथरा के सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का और प्रधान आरक्षक अमित तिर्की ने शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ग्राम बडगांव में भी इसी प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यहाँ भी छात्र-छात्राओं और अध्यापकगण को साइबर अपराधों और नए कानूनों की जानकारी देकर, अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से छात्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों में खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे समाज में सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरपूर जीवन व्यतीत कर सकें।

## चक्रधरनगर पुलिस ने जनचौपाल में साइबर क्राइम और कानूनों पर दी महत्वपूर्ण जानकारी, नागरिकों से की सुरक्षा उपाय अपनाने की अपील

**रायगढ़**



थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर और उनकी थाने के स्टाफ ने अम्बेडकर आवास आईटीआई कॉलोनी में जनचौपाल का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों को साइबर क्राइम, नवीन कानूनों और महिला एवं बालकों से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक करना था।

जनचौपाल में टीआई प्रशांत राव ने विस्तार से साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों और उनसे बचने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, और सोशल मीडिया से जुड़े खतरों से बचा जा सकता है। लोगों को सुरक्षित पासवर्ड के उपयोग, निजी जानकारी साझा न करने और संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने जैसी सुरक्षा सावधानियों की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए बने नवीन कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए माता-पिता को अपने बच्चों के साथ खुले संवाद रखने और उन्हें ऑनलाइन खतरों के प्रति सतर्क करने की सलाह दी गई।

इसके अलावा, नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112, कंट्रोल रूम का नंबर 9479193299 हर समय कार्यरत हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया गया कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा और कानूनों के बारे में जागरूक करें।

## 'एक पेड़ मां के नाम': पर्यावरण जागरूकता के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में लगाए गए पौधे

**रायगढ़**




एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ द्वारा विभिन्न ग्रामों में पौधा रोपण हेतु पौधे वितरित किये। साथ ही पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम किया गया एवं कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में पौधा रोपण किया गया।

उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून 2024 को नई दिल्ली में एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ किया। जिसके तहत लोग इसे एक जनआंदोलन का रूप लेते हुए एक पेड़ लगाकर अपनी माँ और धरती माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए इसमें भाग ले रहे हैं। पेड़ लगाने से सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ जो पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली का एक जन आंदोलन है, के उद्देश्य की पूर्ति भी होती है। कृषि में पेड़ लगाना टिकाऊ खेती को प्राप्त करने के लक्ष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़ मिट्टी, पानी की गुणवत्ता में सुधार करके और जैव विविधता को बढ़ाकर कृषि उत्पादकता में सुधार करने में मदद करते हैं। पेड़ किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत भी प्रदान करते हैं। इस अभियान में भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण को रोकने और भूमि को हरा-भरा करने की अपार क्षमता है।

## ओंगना में उल्टी-दस्त की सूचना मिलते ही पहुंची स्वास्थ्य टीम, शिविर लगा कर किया जा रहा उपचार

- मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत जिला स्तरीय टीम कर रही स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण

**रायगढ़**




जिले में मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकरणों के मद्देनजर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के. चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में मौसमी बीमारियों के प्रकरण को ध्यान में रखते हुए जिला स्वास्थ्य टीम से जिला नोडल अधिकारी डॉ.के. डेनियल, आरएमएनसीएच, जिला सलाहकार डॉ. राजेश मिश्रा, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ.कल्याणी पटेल एवं जिला माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट ज्योति खरे के द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण किया जा रहा है।

मौसम में बदलाव के फलस्वरूप वर्तमान में जिले में मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी-खांसी, बुखार, उल्टी-दस्त के प्रकरण बढ़ रहे हैं। जिसके दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टीम द्वारा लगातार स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में 24 अगस्त को विकासखंड विजयनगर (धरमजयगढ़) के ग्राम ओंगना में उल्टी-दस्त के प्रकरण की सूचना प्राप्त होने पर उपरोक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.एल.भगत द्वारा विकासखंड स्तरीय चिकित्सीय दल का गठन किया गया। जिनके द्वारा शिविर लगाकर प्रात एवं रात्रि में ड्यूटी किया जा रहा है। शिविर में आने वाले सर्दी-खांसी, बुखार, उल्टी-दस्त के मरीजों का उपचार कर नि:शुल्क दवाईयां वितरित की जा रही है।

बीमारियों के नियंत्रण हेतु चिकित्सकीय दल द्वारा घर-घर भ्रमण कर स्त्रोतों का चिन्हांकन कर दूषित जल स्त्रोतों को पीएचई विभाग से समन्वय कर बंद कराया गया है। साथ ही ग्राम के तालाबों व कुंओं में ब्लीचिंग का छिड़काव कराया गया है। शिविर में समस्त ग्रामवासियों को पानी उबालकर ठंडा कर पीने, पानी हमेशा ढंककर रखने, खाना बनाने के पूर्व, भोजन से पहले तथा शौच के पश्चात् साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने, खुले में रखे, बासी व सड़ी गली खाद्य सामग्री, फल सब्जी का उपयोग न करने, बासी भोजन न करने, हमेशा ताजा व गरम भोजन करने एवं तरल पदार्थ जैसे जूस समय-समय पर लेते रहने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा उल्टी दस्त होने पर ओआरएस का उपयोग करने, बच्चों में दस्त होने पर ओआरएस के साथ जिंक की गोली का उपयोग करने के भी निर्देश दिये गये हैं। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.एल. भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में डायरिया के कम प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं साथ ही स्थिति नियंत्रण में है।

सीएमएचओ डॉ.चंद्रवशी ने कहा कि संक्रामक रोगों के समुचित उपचार रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु हर स्तर पर सतर्कता बरतने तथा हर संभव नियंत्रण करने की आवश्यकता है। सावधानियां एवं सर्तकता बरतने से मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480